# जयपुर बम ब्लास्ट की बरसी पर संपूर्ण शहर में किया हनुमान चालीसा का पाठ और प्रदर्शन

## ब्लास्ट के दोषियों का संरक्षण करना कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति : राजेंद्र राठौड़

**जयपुर।** 13 मई 2008 को हुए बम ब्लास्ट में मारे गए 71 लोगों और कई सैकड़ों घायल लोगों को न्याय नहीं मिलने के विरोध में भाजपा ने जयपुर के संपूर्ण शहर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने कहा क्या यही है न्याय 15 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद भी पीड़ित परिवार न्याय की आस लगाए बैठे हैं जिन हत्यारे आतंकवादियों को अब तक फांसी के तख्ते पर होना चाहिए था, वह बेखौफ हैं। कांग्रेस सरकार को शर्म आनी चाहिए जहां सैशन कोर्ट ने इन्हें फांसी दी थी लेकिन कांग्रेस सरकार की कमजोर पैरवी के चलते इन्हें छोड़ दिया गया। इसी क्रम में भाजपा द्वारा बम ब्लास्ट में मारे गए लोगों की 15वीं बरसी पर जयपुर शहर में कई स्थानों पर कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमान चालीसा के पाठ और विरोध प्रदर्शन किया गया।

सीपी जोशी ने कहा आज जयपुर के सभी वार्डों में हनुमान चालीसा के पाठ हुए और साथ ही जहां बम विस्फोट हुए उन क्षेत्रों में एक बड़ी सामूहिक जनसभा हुई जिसने कांग्रेस सरकार को सद्बुद्धि दे भगवान के नारे और साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ और आतंकियों और कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शित किया। चांदी की टकसाल हनुमान मंदिर के बाहर कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा भाजपा की सरकार के समय बम ब्लास्ट मामले को लेकर गहनता और गंभीरता से जांच हुई, जिसके चलते आतंकवादियों को फांसी की सजा मिली, लेकिन कुछ ही समय बाद एक ऐसी सरकार बैठी जिसकी कमजोर पैरवी के चलते आतंकवादी हाई कोर्ट से बरी हो गए, ऐसा कांग्रेस सरकार आज ही नहीं पूर्व में भी करती आई है

- **बजरंगबली के आशीर्वाद के साथ पीड़ितों के साथ खड़ी है भाजपा : सी.पी. जोशी**
- **भाजपा कार्यकर्ता को किसी भी हद तक जाना पड़े पीड़ित परिवार को न्याय दिला कर ही रहेगा : राघव शर्मा**

कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी आतंकियों के मरने पर रोती नजर आई, वहीं दूसरी ओर आज कांग्रेस सरकार की कमजोर पैरवी स्पष्ट नजर आ रही है। जिलाध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा बजरंगबली के आशीर्वाद के साथ हम सभी कार्यकर्ता ईट से ईट बजा देंगे लेकिन इन पीड़ित परिवारों को न्याय दिला कर ही रहेंगे।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार ने दोषियों के प्रति नरम रूख अपनाया और जब पीड़ित परिवार की ओर से सुप्रीम कोर्ट मे पीआईएल दायर की गई तो राज्य सरकार ने पार्टी बनाने के लिए केवियट लगाई। यदि कांग्रेस की ओर से यह तत्परता समय रहते दिखाई गई होती तो बम बलास्ट के आरोपी दोषमुक्त नहीं होते। धरना-प्रदर्शन और हनुमान चालीसा पाठ के अवसर पर जयपुर जिला महामंत्री तेज सिंह, कुलवंत सिंह, सतेन्द्र सिंह शेखावत, सतनाली भाजपा गोकुलपुरा मंडल अध्यक्ष, गोकुलपुरा मण्डल प्रभारी यतेन्द्र सिंह बड़ागांव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी, वार्ड 43 अध्यक्ष सुरज्ञान मीणा एवं भाजपा गोकुलपुरा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने कांग्रेस सरकार की लापरवाही से जयपुर बम ब्लास्ट के हत्यारे मुक्त हो गये, इसी को लेकर भाजपा राजधानी जयपुर में विभिन्न स्थानों पर बम ब्लास्ट के पीड़ितों को न्याय दिलाने और हत्यारों को सजा दिलाने की मांग को लेकर हनुमान चालीसा के पाठ कर रही है। इसी क्रम में जयपुर बम ब्लास्ट के पीड़ितों को न्याय दिलाने व हत्यारों को सजा दिलाने की मांग को लेकर राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आमेर शहर में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश के वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, प्रभारी और हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखी फिल्म 'द केरल स्टोरी'



**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने आज शनिवार को जयपुर स्थित एंटरटेनमेंट पैराडाइज में भाजपा विधायकों, पदाधिकारियों, विभिन्न सामाजिक व महिला संगठनों के कार्यकर्ताओं, छात्राओं और आमजन के साथ आतंकी साजिशों व धर्मांतरण की सच्चाई को उजागर करती द केरल स्टोरी फिल्म देखी।

राठौड़ ने कहा कि हमारी बहन बेटियों पर सुनियोजित साजिश के तहत संगठित गिरोह द्वारा किए जा रहे अत्याचार, जबरन धर्मांतरण और मानवीय मूल्यों के ह्वास का फिल्मांकन फिल्म से जुड़े सभी लोगों ने बहुत खूबी के साथ किया है। फिल्म की कहानी सिर्फ केरल ही नहीं बल्कि हर उस राज्य, उस जगह की है जहां पर बहन-बेटियों को टारगेट कर आतंकी गतिविधियों में संलिप्त करने के लिए गुमराह किया जाता है।

# भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व की उम्मीदों पर कर्नाटक में भी खरे उतरे डॉ. सतीश पूनियां

**जयपुर।** भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व ने राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष व भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बेंगलुरू शहर व बेंगलुरू रूरल की विभिन्न सीटों पर चुनाव प्रचार व चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसमें प्रवासी राजस्थानी व किसान-ओबीसी बाहुल्य सीटों पर उन्होंने चुनाव प्रचार किया था।

बेंगलुरू शहर में 28 विधानसभा सीटें हैं, जहां 22 लाख से अधिक प्रवासी राजस्थानी निवास करते हैं, यहां भाजपा ने 70 प्रतिशत सीटों पर जीत दर्ज की है और बेंगलूरू रूरल में भाजपा ने चार में से दो सीटें डोडबल्लापुर और यलहंका जीती हैं।

डोडबल्लापुर सीट से भाजपा उम्मीदवार धीरज मुनिराज (31 वर्ष) ने शानदार जीत दर्ज की है, इस सीट पर भाजपा ने 15 साल में पहली बार जीत दर्ज की है।

- **किसान-ओबीसी और प्रवासी राजस्थानियों को साधने में कामयाब हुये**
- **डोडबल्लापुर सीट से 31 वर्ष के भाजपा उम्मीदवार धीरज मुनिराज 26 हजार मतों से जीते**

डोडबल्लापुर सीट पर 2008 में भाजपा तीसरे नंबर पर रही, 2013 में चौथे नंबर, 2018 में तीसरे नंबर और इस बार 2023 में 26 हजार मतों से भाजपा ने जीत दर्ज की है।

वहीं भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व ने भाजपा राजस्थान टीम को सतीश पूनियां के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रहने के दौरान उत्तरप्रदेश में पश्चिमी उत्तरप्रदेश की 90 सीटें और गुजरात में उत्तरी गुजरात की 43 सीटों पर चुनाव प्रचार व चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी थी, उत्तरप्रदेश और गुजरात के इन किसान-ओबीसी बाहुल्य सीटों पर सतीश पूनियां ने टीम राजस्थान भाजपा को साथ लेकर चुनाव प्रचार किया था, जिसमें से भाजपा ने 90 प्रतिशत से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी।

## हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर आज

**जयपुर,** (का.सं.)। सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर की ओर से इस वर्ष का जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से इस साल हज पर मक्का-मदीना की यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर आज 14 मई को 10 बजे से 1 बजे तक हिरा इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहाड़गंज सुरजपोल जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में हज व उमराह पर जाने वाले सभी महिला पुरुषों को अनुभवी हज ट्रेनर्स मोहम्मद मुसा नूरी साहब मुम्बई,व हाफिज मोहम्मद मोइनुद्दीन रज़वी साहब अजमेर शरीफ द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# चार साल पहले दिए आदेश की पालना करो : हाईकोर्ट

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सेवा संबंधी मामले में चार साल पहले दिए आदेश की अब तक पालना नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने 18 मई तक आदेश की पालना नहीं होने पर प्रमुख पंचायती राज सचिव को हाजिर होने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि प्रमुख पंचायती राज सचिव शपथ पत्र दायर कर बताए कि अब तक आदेश की पालना क्यों नहीं की गई। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि आदेश की पालना कर ली जाती है तो प्रमुख सचिव को हाजिर होने की आवश्यकता नहीं है। जस्टिस महेंद्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश शिव राम गुर्जर की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता एसएस राघव अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत को आश्वस्त किया कि आदेश की पालना जल्दी कर ली जाएगी। ऐसे में पालना के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाए। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि विभाग चार साल की अवधि बीतने के बाद भी आदेश की पालना करने में असफल रहा है। इस पर अदालत ने 18 मई तक पालना नहीं होने पर विभाग के प्रमुख सचिव को तलब किया है।

अवमानना याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता करौली की टोडाभीम पंचायत समिति में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत है। विभाग की ओर से उसे चयनित वेतनमान सहित अन्य परिलाभ प्रथम नियुक्ति तिथि से नहीं दिए गए। वहीं पंचायती राज विभाग में समायोजन से पहले उसकी ओर से सिंचाई विभाग में की गई सेवा अवधि की गणना भी नहीं की गई। इस पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सितंबर 2019 को विभाग को याचिकाकर्ता की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करने और पूर्व की सेवा अवधि का लाभ देने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद भी विभाग की ओर से अब तक इस आदेश की पालना नहीं की गई है।

# लोक अदालत में 38.67 लाख मुकदमों का हुआ निस्तारण

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित साल की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड 38 लाख 67 हजार से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया गया। वहीं 14 अरब 54 करोड 22 लाख 63 हजार 015 रुपए की राशि के अवार्ड जारी किए गए। हालांकि प्राधिकरण की ओर से यह जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है कि तय होने वाले मुकदमों में से अदालतों में लंबित मुकदमे और प्री-लिटिगेशन के कितने-कितने मामले थे। लोक अदालत में झुंझुनूं की नवलगढ़ तहसील से जुड़ा 29 साल पुराना भूमि विवाद भी आपसी सहमति से तय हुआ।

लोक अदालत का शुभारंभ राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में एक्टिंग सीजे और प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष एमएम श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत अब हमारी कानूनी प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। सभी के लिए न्याय के लिए संवैधानिक को लागू करने में लोक अदालत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं इसके जरिए लंबी और महंगी प्रक्रिया से अलग विवादों का निस्तारण निशुल्क किया जा सकता है। प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रमिल कुमार माथुर ने बताया कि लोक अदालत में राजीनामा हो सकने वाले फौजदारी प्रकरणों के अलावा, चैक अनादरण, धन वसूली, बिजली-पानी, तलाक को छोडकर अन्य पारिवारिक प्रकरण, भूमि मुआवजा और सेवा संबंधी मामलों सहित अन्य प्रकरणों को सूचीबद्ध किया गया था।

## 'एक माह में तय करें चयनित वेतनमान के प्रकरण'

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रोडवेज में चालक और परिचालकों को चयनित वेतनमान का लाभ समय पर नहीं देने के मामले में रोडवेज एमडी सहित अन्य अधिकारियों को कहा है कि वे एक माह में इस विवाद का निपटारा करें। वहीं अदालत ने इसके लिए याचिकाकर्ताओं को अधिकारियों के समक्ष अपना अभ्यावेदन पेश करने को कहा है। अदालत ने यह आदेश संजय कुमार व अन्य की याचिकाओं पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि रोडवेज की ओर से चयनित वेतनमान को विभाग के परिपत्र के विरुद्ध जाकर लागू करने और हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों को सामूहिक तौर पर कर्मचारियों पर लागू नहीं किए जाने को कोर्ट में चुनौती दी गई है। रोडवेज ने कर्मचारियों के चयनित वेतनमान को विभागीय पेनल्टी के कारण आगे बढा दिया। प्रकरण सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा।

## 'मंत्री और अधिकारी भ्रष्टाचार के आकण्ठ डूबे हैं'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा लगातार कहती आयी है कि राजस्थान की सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ के अंदर डूबी हुई है और जिस तरीक़े से कांग्रेस के नेता और अधिकारी कर्मचारी मिलकर भ्रष्टाचार को मुक़ाम तक पहुँचाने का काम कर रहे हैं। उसी शृंखला के अंदर उदयपुर के अंदर पकड़ा गया दलाल और दलाल के मोबाइल से जो संदिग्ध वार्तालाप अधिकारियों और मंत्री तक पैसे पहुँचाने की बात कही जा रही है। आवश्यकता इस बात की है इस के एसीबी हिम्मत दिखाएं और पूरी हिम्मत और ताक़त के साथ एसीबी मंत्री के मोबाइल की जाँच करने का काम करें कि आखिरकार जो दलाल कह रहा है कि वो मंत्री तक भी मोटी राशि पहुँचाने का काम करते हैं।

# प्रदेश में 67 नए करोना संक्रमित मिले

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को 67 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच सौ मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 521 रह गए हैं। राहत की बात यह भी है कि राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।


प्रदेश में शनिवार को 7 जिलों में 67 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को इनकी संख्या 39 रही थी। इधर आज भी सबसे ज्यादा 51 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर में 5, पाली में 4, अजमेर में 3, दौसा में 2 तथा झुंझुनूं और सीकर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 3859 कोविड जांच की गई है।

प्रदेश में शनिवार 100 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 521 रह गए हैं। जयपुर में फिलहाल 136 लोगों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा जोधपुर में 126 और उदयपुर में 49 केस मौजूद हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

## चार जिलों में खुलेंगे ब्लड बैंक

**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश के चार जिलों के चिकित्सालयों में ब्लड बैंक खोलेगी। इनमें, चित्तौड़गढ़ के बेंगू, हनुमानगढ़ के नोहर, नागौर के जायल स्थित उप जिला चिकित्सालय और झुंझनूं के नवलगढ़ स्थित जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक की स्थापना होगी।


## तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री ओमप्रकाश कौशिक**

(मासलपुर वाले) का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 12.05.2023 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 14.05.2023 को सायं 5.30 से 6.30 तक विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र, चौगान स्टेडियम के पीछे, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** गणपतलाल, कैलाश, सुरेश (भ्राता), श्रीमती संतोष (पत्नी), कृष्णकुमार, लोकेश कुमार (पुत्र), अक्षत, शुभम (पौत्र), टिया, ट्विंकल (पौत्री), कृष्णा-शरद, नविता (बबली)-विजय (पुत्री-दामाद), एवं समस्त कौशिक परिवार- 9672705618

## नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# भारतीयों ने पूरे विश्व में देश का नाम रौशन किया है : वीरेन्द्र शर्मा

## लंदन की पार्लियामेंट में पहली बार हुई हनुमान चालीसा

**जयपुर,** (का.सं.)। लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में 15 देशों के इण्डियन और विश्व पटल पर भारत का नाम रौशन करने वाली प्रतिभायें एक जगह एकत्रित हुई। इस अवसर पर "भारत गौरव" अवार्ड से प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, तो ब्रिटिश पार्लियामेंट का डाइनिंग हॉल जोरदार तालियों से गूंज उठा।

भारतीयों ने पुरे विश्व में देश का नाम रौशन किया है। जब देश को आजादी मिली थी तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि एक दिन विश्व पटल पर भारतीय इस प्रकार अपनी पहचान बनायेंगे। आज सभी क्षेत्र में भारतीय लोग अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे है और पूरे विश्व में भारतीयों की धाक बढ रही है। यह विचार संस्कृति युवा संस्था की ओर से लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ कामन्स में "भारत गौरव" द हाईएस्ट इंटरनेशनल अवार्ड ऑफ इण्डियन अवार्ड समारोह में लंदन (यू.के.) में लगातार पांच बार के सांसद डॉ. वीरेन्द्र शर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुये कहे।

- **भारतीय संस्कृति और राष्ट्र गान की गूंज लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में 15 देशों से आये प्रतिनिधि**



**लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में 15 देशों के इण्डियन और विश्व पटल पर भारत का नाम रौशन करने वाली प्रतिभायें एकत्रित हुई। इस अवसर पर "भारत गौरव" अवार्ड से प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, तो ब्रिटिश पार्लियामेंट का डाइनिंग हॉल जोरदार तालियों से गूंज उठा।**

संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि यह समारोह सात समंदर पार आकर हम जब यह आयोजित करते हैं तो हमारा सिर गर्व से ऊंचा होता है कि हमारे देश की प्रतिभाये विदेशों में देश का नाम रौशन कर रही है।

मिश्रा ने बताया कि अब तक पूर्व के वर्षों में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर, फिल्म स्टार मनोज कुमार, नोबेल प्राइज विजेता कैलाश सत्यार्थी, विश्व की सबसे प्रभावशाली महिला इन्द्रा नूई, जैन संत पुलक सागर, लोकेश मुनी, प्रसन्न सागर, मेजर ध्यानचंद, जी-मेल के आविष्कार शिवा अय्यादुराई, निरजा भनोत सहित लगभग 400 अप्रवासी भारतीयों को पिछले 9 वर्षों में सम्मानित किया जा चुका है।

इस अवसर पर लंदन (यू.के.) की हाउस ऑफ लॉडर्स चैयरमेन ऑफ यूरोपियन एक्ट्रनल अफेयर्स कमेटी, मिनिस्टर ऑफ एनर्जी क्लाईमेट डवलपमेंट यू.के. बेरोनीस वर्मा ने कहा है कि हमें तय करना है कि हम अपने देश की माटी से इस प्रकार जुड़े रहें की हमारा अपनापन और भारतीयता लगातार आगे बढे।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि लंदन के मेयर सुनील चोपड़ा ने कहा है कि संस्कृति का ये 10वां आयोजन है और संस्कृति ने जयपुर मैराथन और सामाजिक जन आंदोलन और सामाजिक संचेतना का जो कार्य हाथ में ले रखा है वो अनवृत इसी प्रकार आगे बढ़ता रहेगा।

इस अवसर पर मेहंदीपुर बालाजी के महंत नरेश पुरी महाराज ने कहा कि अब भारतीय पूरे विश्व में अपनी धाक जमा रहे है। अब जब हम लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में अपने तिरंगे के नीचे खड़े होकर सम्मानित होते है तो निश्चित रूप से अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते है।

इस अवसर पर गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. चिन्मय पंड्या ने संबोधित करते हुए कहा की इस भारत गौरव सम्मान समारोह के माध्यम से ऐसी प्रतिभाओं को सामने लाया गया है जिन्होंने की पूरे विश्व भर में अपनी एक अलग पहचान बनाकर देश का नाम रौशन किया है। उन्होंने संस्कृति युवा संस्था की गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की साथ ही भारत गौरव अवार्डीज को बधाई भी दी।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में घाटा मेहंदीपुर बालाजी के महंत नरेश पुरी महाराज ने कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा से की और हनुमान चालीसा की चौपाइयां ब्रिटिश पार्लियामेंट में गुंजायमान होने लगी और देश विदेश की प्रतिभाओं ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। यह अपने आप में एक विश्व रिकॉर्ड बना कि लंदन की पार्लियामेंट में भी हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।


### सूचना

मैं कि देवेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री मोहन लाल गुप्ता, निवासी सी-14, गिर्राज कॉलोनी, नियर रेल्वे कॉलोनी, भरतपुर (राज०) का हूँ।

मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मेरा छोटा पुत्र अनुज कुमार गोयल एवं उसकी पत्नी श्वेता गोयल मुझे एवं मेरी पत्नी गीता गुप्ता को नाजायज परेशान करते हैं। हम उनके गलत कृत्य से तंग आ चुके हैं। इसलिए मैं व मेरी पत्नी अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र अनुज कुमार गोयल एवं उसकी पत्नी श्वेता गोयल को बेदखल करते हैं। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मुझसे व मेरी पत्नी से कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा।

### आम सूचना

मैं मोहन लाल शर्मा पुत्र श्री पुरूषोत्तम शर्मा निवासी घाघूपुरा तह. जिला-करौली शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मुकुट शर्मा मेरा पुत्र है। जिसका चाल चलन सही नही है। मेरी कहने में नही है। मेरी बात नही मानता है गलत संगत में पड गया है इलिए में उक्त पुत्र मुकुट शर्मा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यदि कोई मुकुट शर्मा से किसी प्रकार की लेन देन करता है तो उसके लिए स्वयं मुकुट शर्मा ही जिम्मेदार रहेगा। मेरा मेरे पुत्र से कोई वास्ता नही है। मैं किसी प्रकार का देनदार नही हूँ।

### वैवाहिक

**वर चाहिए**

गौड़ ब्राह्मण 40/5' तलाकशुदा (2 बच्चे) हेतु सेवारत, व्यवसायी एवं स्वयं का मकान हो वर चाहिये। सम्पर्क- 7742049872, 6377338122

### खोया पाया

सनसीटी प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा जारी रसीद संख्या 429 जो की संगीता झवर पत्नी प्रमोद कुमार झवर के नाम से है कहीं खो गई मिलने पर सूचित करें। 9830049007

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य तरूण कुमार व हेमराज वर्मा पुत्रान स्व. श्री सोहन लाल वर्मा अपना प्लॉट नंबर 55 जो कि बजरंग कॉलोनी, सोडाला में स्थित है को विक्रय कर रहे हैं। यदि किसी को कोई आपत्ति है, तो सात दिवस में मेरे से या मेरे अभिभाष्यगण से सम्पर्क करें। दि.: 13.05.2023

रामनिरंजन गुप्ता, एडवोकेट मो. 9829052667

### कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला-सीकर (राज.)

SR.No.-न.पा.री./2022-23/721 email-ringas.jaipur@gmail.com DATE-12.05.2023

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने भवन निर्माण स्वीकृति हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है-

| क्र. सं. | नाम प्रार्थी | खसरा | क्षेत्रफल | स्थान | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आनंद कुमार मीणा पुत्र घीसाराम मीणा | रूक्मणी गार्डन योजना | 372.90 वर्गगज | रूक्मणी गार्डन योजना प्लान नं. 154 | भूतल + 1 आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति |

अतः किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों सहित 7 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें।

(सीताराम कुमावत) अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका रींगस

प्ररूप-10 (नियम 6(7) देखिए)

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका रींगस

**लोक सूचना**

क्रमांक-भूमि/2023-24/725 दिनांक-12.05.2023

श्री श्रीराम पुत्र श्री लक्ष्मणराम जाति बलाई निवासी वार्ड नम्बर 06, भामुओं की ढाणी, खन्डेलसर, जिला सीकर में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला सीकर तहसील रींगस | रींगस | 4284, 6270/4277 | रकबा 0.6675 हैक्ट0 अथवा 6675 वर्गमीटर आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 12.05.23 को जारी की जाती है।

प्राधिकारी अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका रींगस

### नाम परिवर्तन

मै लेफ्टिनेंट कर्नल गोविन्द राम (Retd) निवासी 131, आनन्द नगर, सिरसी रोड, खातीपुरा, जयपुर, मेरी Service Book में मेरी बेटी का नाम Savita है, बाद में उसका नाम बदल के Shalu Chaudhary (DOB 28.08.1970) रखा है, Sandeep Rana से शादी के बाद उसका नाम Shalu Rana हो गया है।

मेरी माता का नाम मेरे कुछ दस्तावेजों में वंदना जैन लिखा है। मेरी माता का नाम वास्तविक वंदना बरमेचा है। वंदना जैन एवं वन्दना बरमेचा दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। भविष्य में मुझे सौम्या जैन पुत्री वंदना बरमेचा के नाम से जाना जावें। सौम्या जैन ई-9/569, चित्रकूट वैशाली नगर, जयपुर

मैंने मेरा नाम मोहम्मद आसिफ अली से बदलकर आसिफ अली रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। निवासी ईदगाह बस्ती, शेषा, शेषा सवाई माधोपुर, राजस्थान-322024

मैंने अपना पुराना नाम अरुण भाई से बदलकर नया नाम अरुण कुमार पारेख पुत्र स्वर्गीय श्री रमन लाल पारेख कर लिया है स्थान-212, पहला क्रॉसिंग नाहरगढ रोड, चांदपोल बाजार, जयपुर, राजस्थान-302001

I, Rohtash Singh Yadav s/o Late Gajendra Singh Yadav R/o 23, Tirupati Nagar, Benar Road, Boytawala, Jaipur have changed my name from Rohtash Singh Yadav to Rohtas Singh Yadav.

I Meethu Bidasar D/o Ganesh Ram R/o Bhadwa, Bhadawa, Nagaur, Parbatsar, Rajasthan-341501, have finally changed my name to Divy Smriti.

I Ravindra Singh Chauhan S/o Angad Singh R/o Bhainslana, Jaipur, Rajasthan-303107, have changed my name to Radheshyam Singh Chauhan